## संक्षिप्त

### खाटूश्याम जी मेले पर ट्रेन की विशेष सुविधा

**फुलेरा।** खाटूश्यामजी मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने बड़ी राहत दी है। अब मदार- रेवाड़ी- फुलेरा प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा का संचालन रेवाड़ी के स्थान पर सीधे दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन तक किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 19617, मदार (अजमेर)-दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 24 फरवरी से 28 फरवरी तक (05 ट्रिप) संचालित की जाएगी। यह ट्रेन मदार (अजमेर) से प्रतिदिन सायं 5:10 बजे रवाना होकर रात्रि 1:30 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19620, दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन-मदार (अजमेर) प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 25 फरवरी से 01 मार्च तक (05 ट्रिप) संचालित होगी। यह ट्रेन दिल्ली सराय रोहिल्ला से प्रतिदिन रात्रि 2:30 बजे रवाना होकर सुबह 9:20 बजे फुलेरा पहुंचेगी। इस ट्रेन में पूर्व निर्धारित ठहरावों के अतिरिक्त यह रेलसेवा में पटौदी रोड, गुड़गांव, दिल्ली कैंट व दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशनों पर भी ठहराव दिया जायेगा। गौरतलब है कि खाटूश्याम जी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यह विस्तार अहम साबित होगा, जिससे दिल्ली व हरियाणा क्षेत्र से आने-जाने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिल सकेगा।

### शौचायलयों की दुर्दशा

**दूदू ।** राज्य सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन पर लाखों रुपए खर्च किया जा रहा है इसकी पालना कितनी कितनी हो रही है का नजारा जयपुर जिले के अधीन पंचायत समिति दूदू कार्यालय परिसर में बने शौचायलयों की दुर्दशा देखकर लगाया जा सकता है ।
पंचायत समिति परिसर में सरकारी कोष से लाखों रुपए खर्च कर आमजन के लिए बनाए गए शौचालय में आदमी का अंदर घुसना ही दुष्वार है । गंदगी के मारे लोग खुले परिसर में ही मजबूर होकर यूरिन करते नजर आते हैं इतना ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली महिलाओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।

### 4 छोटे बच्चों ने रोजा रखा

**मनोहरपूर।** मरहूम हाजी सत्तार खान पडियार के 4 पोता पोतियों ने रोजा रखकर पूरे परिवार को खुश कर दिया हैं । शाहरुख खान पडियार ने बताया कि इन चारों बच्चो का नाम इस प्रकार से है मोहम्मद अली पुत्र हारून खान पडियार, शिफा ख़ानम पुत्री इदरीस खान पडियार, रौनक ख़ानम पुत्री यूनुस खान पडियार, मोहम्मद अजमल पुत्र मोहम्मद अब्बास खान पडियार (हाजी अब्दुल रज़्ज़ाक खान पडियार की पोती व मरहूम हाजी अब्दुल सत्तार खान पड़ियार की पर पोती हैं) पडियार परिवार ने खुश होकर ख़ुदा का शुक्र अदा किया कि सभी बच्चों ने सही सलामत रोजा रख लिया हैं । इन बच्चों को रोजा रखने पर ख़ुशी मनाई गई सभी रिश्तेदारों व मोहल्ले वासियों को बुलाकर बेहतरीन मान मनुहार करते हुए दावत दी गई । इधर चारों बच्चों को इनामात से नवाजा गया नए कपड़े पहनाए गए फूल मालाएं पहनाई गई। इस अवसर पर हाजी गफ़्फ़ार खान पडियार हाजी सरदार खान पडियार हाजी अब्दुल रज़्ज़ाक खान पडियार पूर्व पुलिस थानेदार सलीम खान पडियार निसार खान पडियार हाजी इशाक खान पडियार फैय्याज खान पड़ियार इदरीस खान पडियार हारून खान पडियार यूनुस खान पड़ियार सद्दाम खान पडियार शोहराब खान पडियार मुश्ताक खान पडियार अब्दुल लतीफ़ खान पडियार शफ़ीक़ खान पड़ियार शरीफ़ खान पडियार नबाब खान असगर खान आदि उपस्तिथ थे ।

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी (निसं)।** कंडेरा समाज युवा महासभा राजस्थान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम एक ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कंडेरा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी बृजेंद्र मीणा को दिया गया। इसमें कंडेरा कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की गई है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# 'आयुर्वेद को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रचार प्रसार जरुरी'

**भरतपुर** (निस)। स्वस्थ रहने और रोग से शीघ्र लाभ की अभिलाषा सभी की होती है इसके लिए आयुर्वेद पद्धित की भूमिका अहम है। इसके लिए आधुनिक दौर में आयुर्वेद में इनोवेशन टेंडेंसी के साथ साथ आयुर्वेद से उपचार किए जाने वाले एवीडेंस को सोशल नेटवर्किंग से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार की जरूरत है।यह बात राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में आमजन को अच्छे स्वास्थ्य और चिकित्सा के प्रति जागरूक किए जाने के लिए आयोजित आरोग्य महोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर जिला कलेक्टर कमर उल जमाल चौधरी ने कही। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद बेहतर स्वास्थ्य और असाध्य समझे जाने वाले रोगों के उपचार में हमेशा अग्रणी रही है। ज़रुरत है समय-समय पर आयुर्वेद को जनमानस में सहजता से उपलब्ध कराई जावे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर कमर उल जमाल चौधरी मुख्य वक्ता राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो डॉ कमलेश विद्यार्थी प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह प्रधान चिकित्सक एवं उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित अतिरिक्त निदेशक डॉ सतीश लवानिया उपनिदेशक डॉ साधुराम शर्मा द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना द्वारा किया गया। प्रधान चिकित्सक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आरोग्य महोत्सव के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ कमलेश विद्यार्थी द्वारा अपने उद्बोधन में आधुनिक दौर में स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए जीवनशैली एवं खान-पान और रसोई घर की उपयोगिता के वैज्ञानिक पक्ष पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए मेलैट्स को उपयोग लिए जाने की सलाह दी।आरोग्य महोत्सव में रोगों की सचित्र प्रदर्शनी एवं मुख्य मंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के साथ साथ चिकित्सालय में संचालित सेवा प्रकल्पों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों के साथ साथ पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ सुशील पाराशर पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ ताराचंद शर्मा पूर्व उपनिदेशक डॉ नरेश तिवारी डॉ गिरीश शर्मा डॉ उमेश गोदन भारत विकास परिषद लोहागढ़ शाखा के पदाधिकारी सुरेश मेठी सी ए अंकुर खंडेलवाल दिलीप कुमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

भरतपुर में राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में आरोग्य महोत्सव के उद्घाटन पर कार्यक्रम को जिला कलेक्टर कमर उल जमाल चौधरी ने सम्बोधित किया।

■ आयुर्वेद बेहतर स्वास्थ्य और असाध्य समझे जाने वाले रोगों के उपचार में हमेशा अग्रणी रही

## ट्रैफिक पुलिस बढ़ाने की मांग

**बौंली -बामनवास ।** क्षेत्र के बाटोदा पुलिस थाना प्रांगण में कम्युनिटी लायजन ग्रुप (सीएलजी) की बैठक होली एवं अन्य त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना प्रभारी जगदीश चंद्र के निर्देशन एवं उप निरीक्षक पुष्पेंद्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने होली सहित अन्य त्योहारों को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली ।

बैठक के दौरान उपस्थित सीएलजी सदस्यों ने मुख्य बाजार में ट्रैफिक पुलिस बढ़ाने, नियमित रात्रि गस्त व्यवस्था सहित अन्य स्थानीय समस्याओं के समाधान की मांग की । इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने सभी सुझावों पर सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया बैठक का उद्देश्य पुलिस व आमजनों के बीच समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना होता है।

## सुरक्षित और लाभप्रद निवेश पर विचार विमर्श

**टोंक।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय, टोंक में आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सेबी के वित्तिय विशेषज्ञ डॉ. गिरिश गोयल ने अपने व्याख्यान में आय और व्यय में संतुलन, सुरक्षित और लाभप्रद निवेश के उपाय, हेल्थ इंशोरेन्स तथा विविध बचत योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

■ जागरूकता कार्यक्रम में बचत योजनाओं पर जानकारी दी

इसके साथ ही सायबर सिक्योरटी, सेक्सटोर्षन, डिजिटल अरेस्ट, सायबर क्राइम जैसे विषयों पर भी उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि भारत सरकार, सेबी और आर.बी.आई. अपने निवेषकों और नागरिकों के हितों की सुरक्षा के लिये विभिन्न हेल्प लाईन नम्बरों, ऑनलाईन वेबसाईट आदि के माध्यम से जागरूकता प्रसारित करती रहती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य व छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में नषा मुक्त भारत अभियान की शपथ भी ली गई।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ( सेबी ) की ओर से स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय, टोंक में आयोजित किया गया।

## 'समयावधि में प्रगति दर्ज करने के लिए समन्वय से कार्य करें'

**कोटपूतली।** जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में आशान्वित ब्लॉक (निमराना) कार्यक्रम एवं गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजनांतर्गत गठित जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार नीमराना में आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक संचालित संपूर्णता अभियान के तहत स्वास्थ्य व पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबंधित सेवाएं, आधारभूत संरचना व सामाजिक विकास के निर्धारित इंडिकेटर्स को समयावधि में संतृप्त करने सहित मासिक प्रगति रिपोर्ट एवं नीति आयोग से जारी की रैंकिंग एवं इससे संबंधित समस्त संकेतको की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यह भारत सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य विकास के मानकों पर पिछड़ रहे ब्लॉकों के जीवन स्तर में सुधार लाना है, और यह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सुधार के लिए केंद्र और राज्य योजनाओं को एकीकृत करता है। इस हेतु सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने न्यूट्रीशियन की समीक्षा करने के दौरान कहा कि पोषण ट्रैक्टर करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर महिलाओं को प्रशिक्षण देकर और बेहतर कार्य करें। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पर पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की सफाई की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा की कुछ संकेतको में प्रगति की अपेक्षित वृद्धि / सुधार की आवश्यकता है। साथ ही निर्देशित किया कि आकांक्षी ब्लॉक के पैरामीटर के आधार पर सही कार्य करें।इस संबंध में मेघा भट्ट मुख्य आयोजना अधिकारी कोटपूतली-बहरोड द्वारा प्रत्येक संकेतको के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। संकेतकों के आधार पर प्रगति की समीक्षा कर जिला कलेक्टर द्वारा संकेतको से संबंधित विभागों को संकेतको को संतृप्त करने एवं अपेक्षित वृद्धि के निर्देश प्रदान किए। बैठक के दौरान उपखंड अधिकारी नीमराना महेंद्र सिंह यादव, एसीईओ हरिओम मीणा, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत व समस्त संबंधित विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुडे रहे।

■ आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित

## पटवार मंडल के किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शुरू

**शाहपुरा।** शाहपुरा व बिशनपुरा (जाजे खुर्द) पटवार मंडल के किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सोमवार से शुरू हो गई। राजस्थान राज्य में किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में किसान रजिस्ट्री शुरू की गयी थी लेकिन शाहपुरा व बिशनपुरा (जाजे खुर्द) पटवार मंडल के किसानों की फार्मर आईडी रजिस्ट्री तकनीकी समस्या से शुरू नही हो पा रही थी जो सोमवार से शुरू हो गई है।

अब किसान फार्मर रजिस्ट्री शाहपुरा तहसील पटवार भवन में करवा सकते है। फार्मर रजिस्ट्री हर किसान को कराना अनिवार्य है अन्यथा पीएम किसान सम्मान निधी की आगामी किस्त नही आयेगी तथा जमीन से संबंधित कोई भी कागजात तैयार नही हो सकेगे।

शाहपुरा मंडल पटवारी दर्शन यादव व जाजै खुर्द पटवारी मामराज वर्मा ने बताया कि राजस्व ग्राम शाहपुरा व जाजेखुर्द के पूर्व में कोड नहीं होने के कारण फार्मर रजिस्ट्री नहीं बन पा रही थी अब उक्त दोनों ग्रामों के कोड आने से अब किसान फार्मर रजिस्ट्री शुरू कर दिया गया है इसके लिए किसान को नवीनतम जमाबंदी आधार कार्ड तथा वाला मोबाइल साथ लाना होगा।

## अधिवेशन में वेतन आयोग का मुद्दा उठाया

**सांभरझील।** राजस्थान पेंशनर समाज बगरू के सौजन्य से आयोजित राजस्थान पेंशनर समाज जिला जयपुर ग्रामीण के वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि श्री शंकर सिंह मनोहर प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान पेंशनर समाज राजस्थान ,विशिष्ट अतिथि गोपाल सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, जी के मीना अध्यक्ष जयपुर शहर प्रहलाद सहाय शर्मा कार्यालय सचिव रहे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नन्दलाल भारद्वाज अध्यक्ष जिला जयपुर ग्रामीण ने की । सर्वप्रथम समस्त अतिथियों ने भगवान गणेश की वंदना की व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । तदुपरान्त पेंशनर समाज में आमंत्रित समस्त अतिथियों को साफ़ा दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अधिवेशन को विशेष रूप से सफल बनाने में आर्थिक सहायता प्रदान करने वाले समस्त भामाशाओं को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया ।जयपुर जिला ग्रामीण की विभिन्न उप शाखाओं से पधारे हुए अध्यक्षों ,उत्कृष्ठ कार्यकर्ताओं तथा उत्कृष्ट शाखा बस्सी को भी सम्मानित किया गया ।अध्यक्ष भारद्वाज ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए जिला जयपुर ग्रामीण की सोलह शाखाओं की विशेष उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद गुप्ता ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया ।मुख्य अतिथि शंकर सिंह मनोहर ने अपने उद्बोधन में आगामी होने वाले प्रांतीय अथवा राष्ट्रीय अधिवेशन में सभी पेंशनर्स को अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने हेतु प्रोत्साहित किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री गोपाल सिंह ने पेंशनर को आठाह किया कि अगर सरकार पेंशनर को आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं देती है तो सभी पेंशनर को संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए ।श्री जीके मीणा अध्यक्ष जयपुर शहर ने अपने उद्बोधन में आर जी एच एस योजना पर प्रकाश डाला व पेंशनर्स को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया ।श्री प्रहलाद सहाय शर्मा कार्यालय सचिव ने पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री नंदलाल भारद्वाज ने प्रांतीय अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि अगर आवश्यकता होगी तो जयपुर ग्रामीण के सभी पेंशनर्स आपको सहयोग व समर्थन करने के लिए तत्पर रहेंगे । महामंत्री श्री ओम प्रकाश हरित ने अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।अधिवेशन में भारद्वाज चिकित्सालय बगरू के द्वारा एक मेडिकल काउण्टर लगाया गया।

## मेडिएशन फॉर द नेशन की "पहल" ने दो पक्षों के बीच दोस्ती का हाथ मिलवाकर आपसी विवाद खत्म कराया

**किशनगढ़ बास।** न्यायालयों में वर्षों से लंबित आपसी विवादों के मामलों को आपसी समझाइश से खत्म करने व विवादों से बनी आपसी दूरी को फिर से नजदीकी में बदलने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण की शुरू किए गए "मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान एक अच्छी पहल साबित हो रही है।

सोमवार को खैरथल तिजारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष शैलेंद्र व्यास के दिशा-निर्देशानुसार न्यायालय परिसर में दो पड़ोसियों ने अपने वर्षों पुराने तीन विवादों को एक साथ हमेशा के लिए समाप्त कर आपसी सौहार्द और समझदारी की एक अनूठी मिसाल दी। यह सब संभव हो पाया मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रनवीर सिंह एवं पक्षकारान के अधिवक्ता उदयसिंह एवं राजेश कुमार शर्मा के विशेष प्रयासों से जिसने वर्षों पुराने सुनीता बनाम खुशीराम के आपसी विवाद को आपसी सुलह से निपटारा कराकर पूरी तरह सौहार्दपूर्ण वातावरण में बदल दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रनवीर सिंह ने दोनों परिवारों को भविष्य की परेशानियों और भाईचारे के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया।

जिससे प्रभावित होकर सुनीता और खुशीराम दोनों ने अपनी कड़वाहट को भुलाने का निर्णय लिया। समझौते में दोनों पक्षकारों ने केवल कागजों पर ही हस्ताक्षर नहीं किए बल्कि कोर्ट रूम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष एक-दूसरे से हाथ मिलाकर भविष्य में प्रेमपूर्वक रहने का भरोसा दिया। इस विशेष अभियान की महत्ता को समझते हुए दोनों पक्षों ने इस बात को भी स्वीकार किया कि अदालती कार्यवाही और मुकदमों की तुलना में आपसी मेल-मिलाप से रहना कहीं अधिक शांतिपूर्ण और हितकारी है।

यह राजीनामा न केवल उन दो परिवारों के लिए राहत लेकर आया बल्कि समाज के लिए भी एक बड़ा संदेश है कि संवाद और मध्यस्थता के माध्यम से किसी भी जटिल समस्या का समाधान संभव है। इस सफल निस्तारण के बाद दोनों पक्ष मुस्कुराते हुए न्यायालय से विदा हुए जिससे वहां मौजूद अन्य लोगों ने भी विधिक सेवा प्राधिकरण के इन प्रयासों की सराहना की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल तिजारा रनवीर सिंह ने रालसा द्वारा संचालित अभियान मीडियेशन फॉर द नेशन 2.0 के तहत आमजन से अधिकाधिक संख्या में उनके एवं उनके परिचितों के न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने की अपील की है।

समझौता होने पर हाथ मिलाकर भाईचारा कायम करते दो परिवार।

■ दो पड़ोसियों के बीच वर्षों से न्यायालय में चल रहा था आपसी विवाद का मामला

■ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रनवीर सिंह द्वारा अभियान के तहत किए गए प्रयासों से हुआ आपसी सुलह

## धूलंडी पर मदन मोहन जी मंदिर में नहीं होंगे झूला दर्शन

**करौली( निसं )।** इतिहास में पहली बार धूलेंडी के अवसर पर श्री मदन मोहन जी मंदिर में झूला दर्शन नहीं होंगे। मंदिर ट्रस्ट के विशेष अधिकारी किशनपाल सिंह जादौन एवं मुख्य पुजारी अनूप गोस्वामी ने बताया कि 3 मार्च 2026 को फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण यह निर्णय लिया गया है।

चंद्र ग्रहण का सूतक प्रात: 6:45 बजे से प्रारंभ होकर सायं 6:47 बजे मोक्ष तक रहेगा। इस दौरान झूला दर्शन के पट बंद रहेंगे। मंदिर प्रशासन ने दर्शन समय में परिवर्तन की जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: मंगला आरती 4:00 बजे, धूप आरती 4:30 बजे, श्रृंगार आरती 5:00 बजे, राजभोग आरती 5:50 बजे तथा पट मंगल 6:30 बजे होंगे।

संध्याकाल में 7:45 बजे ग्रहण आरती, 8:10 बजे धूप आरती, 8:35 बजे संध्या आरती, 8:50 बजे उल्लई झांकी तथा 9:45 बजे शयन आरती व पट मंगल होंगे। 4 मार्च 2026 से सेवा व्यवस्था पूर्ववत रहेगी।

## सार-समाचार

### बाबा के भक्तों की मानमनुहार

**मनोहरपुर ।** श्री खाटू श्याम जी का मेला शुरू हो चुका है । चारों और हाथों में बडे-बडे निशान लेकर पदयात्रियों का काफिला श्री खाटू श्याम जी की ओर बढ़ रहा है । इधर श्री श्याम बाबा के भक्तगण होटलों को सजाकर उनकी मान मनुहार करने में कमी नहीं छोड़ रहे हैं । रास्ते में पद यात्रियों पर फूल बरसाए जा रहे हैं और नाश्ता खाना आदि दिया जा रहा है । श्री श्याम बाबा के जयकारे से आसपास का वातावरण गूंज उठता हैं । श्री श्याम बाबा के भक्त विमल केशुका ने बाबा को याद करते हुए एक शेर सुनाया कि मैं जहाँ भी रहूँगा कैदी तेरा कहलाऊंगा", "ऐसी जँजीर बाबा तेरे प्यार ने मुझे पहनाई हैं" । इसी प्रकार मनोहरपूर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष महेंद्र कुमार गुर्जर ने कहा कि श्री श्याम बाबा रोज नजर आते है रोज दर्शनों का नजारा होता हैं, जिस दिन बाबा नजर नही आते हैं तो रो रोकर गुजारा होता हैं । भामाशाह डी के सोनी ने कहा कि शबनम का मोती बना ज़ुल्फ़ की जंजीर, दिल मेरा बाबा से लगा आगे मेरी तक़दीर ।

### किसान सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री करवाएं

**धौलपुर ( निसं )।** फार्मर रजिस्ट्री कृषि एवं संबंधित विभाग के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्टर, एग्रीस्टैक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे देश में किसानो के लिए एक व्यापक और एकीकृत रजिस्ट्री बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह रजिस्ट्री किसानो के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उनका लाभ सभी लाभार्थियों तक कुशलता एवं शीघ्रता से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**PUBLIC NOTICE**

मंगलम हॉस्पीटल, सी-29-30-ए, बर्फखाना आदर्श नगर जयपुर। सूचित करता है कि 1 जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2020 तक का अन्तरंग रोगी मेडिकल रिकॉर्ड (जन्म एवं मृतक रोगी के रिकॉर्ड को छोडकर) सोनोग्राफी एवं लैब रिकॉर्ड अस्पताल की नीति और अन्य नियामक मानदण्डों के अनुसार नष्ट कर दिया जायेगा। यदि इस अस्पताल में उपरोक्त समय अवधि के बीच स्वास्थ्य लाभ के लिए भर्ती हुए तथा आपको भविष्य में अन्तरंग रोगी मेडिकल रिकॉर्ड को सुरक्षित करने की इच्छा है तो आपसे अनुरोध है कि इस काम में लिए टेलीफोन नं. 0141-2603373, 8107368529 अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग में 24.2.26 से 23 मार्च 2026 तक समय 10 से 5 बजे तक सम्पर्क करें। आप इस नोटिस के प्रेक्षण की तारीख से इसके पश्चात इस अवधि के मेडिकल रिकॉर्ड की जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की नहीं होगी।

प्रबन्धक
मंगलम् हॉस्पिटल, जयपुर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-15, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक: 90A/JDA/2025-26/100487 **लोक सूचना** दिनांक: 18.02.2026

श्री AVINASH KUMAR CHHIPA पुत्र श्री JAGDISH NARAYAN CHHIPA जाति CHHIPA निवासी 3994-B, NAHAR GARH ROAD, PURANI BASTI, RUKMANI BHAWAN, MADHU WATIKA JAIPUR RAJASTHAN-302001 ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय प्रयोजन** के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अधिकृति अधिकारी के निर्धारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| क्र. स. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (हैक्ट.) | कब्जाना क्षेत्रफल (हैक्ट.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भचेड़पुर, बाड़मेर (जैसलमेर) | 1.) अविनाश कुमार छीपा पुत्र जगदीश नारायण छीपा हिस्सा पूर्ण जाति छीपा (छीपी) निवासी 3994 बी नाहरगढ़ रोड मोहन नगर मोड | 1201/3 | 0.1542 | 0.1542 |
| 2 | | | 9095/1201 | 0.1542 | 0.1542 |
| | पुरानी बस्ती चांदपोल बाजार जयपुर खातेदार | | कुल | 0.3084 | |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-ए-बी और राजस्थान अभिवृद्धि अधिनियम, 1965 की धारा 63 के अधीन पूर्वानुमत प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृद्धि अधिशुल्क के निर्धारण पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी SSO ID से लॉग इन कर JDA के 90-A मॉड्यूल अथवा जे.डी.ए. पोर्टल (https://jda.rajasthan.gov.in/) पर "विभागीय के विरुद्ध अपनी अपील दर्ज करें" Option में जाकर जारी सार्वजनिक सूचना के विरुद्ध अपनी अपील ऑनलाइन दर्ज कराए। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 18-02-2026 को जारी की जाती।

प्राधिकृत अधिकारी जोन-15, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 24/2025
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम गौरव राठी पुत्र स्वर्गीय सांवरमल राठी जाति... विवाद स्थान जयपुर
मृतक स्व. सांवर मल राठी की संपत्ति के कागज की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 13.03.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम सावंर मल राठी पुत्र शंकर लाल जाति ....निवासी सी-583 पालडी मीणा, जेडीए कॉलोनी, आगरा रोड, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 13 माह 03 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 11 माह 02 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-सरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैंशन न्यायालय सं. 10, जयपुर महानगर प्रथम, न्यायालय सांगानेर

**COURT NOTICE:**
IN THE COURT OF THE SUBORDINATE JUDGE, RANIPET
O.S.No. 113/2021

M/S. NIDEC INDIA PRECISION TOOLS LTD., Sipcot Industrial Complex, Ranipet, Ranipet District, Tamilnadu
- PLAINTIFF
Vs.
WARM FORGINGS PRIVATE LTD., Plot No.SP - 238, B and C Industrial Area, Kaharani.13111WAD1 Extn, Alwar, Rajasthan - 301019.
- DEFENDANT

NOTICE
Please take Notice that the Plaintiff above named has filed the above suit for recovery of money due against you, the Defendant, before the Sub Court, Ranipet, Ranipet District, TN, and the same is posted to 11.03.2026 for your appearance. Therefore, you the Defendant is hereby required to appear before the said court on the said date at 10.30 a.m., failing which, EXPARTE orders will be passed against you.

Place : Arcot
Date :12.02.2026
K. SOLMUTHU AZHAGAN, MA,BL;
C. SALAI MANMIYAN, BA BL.,
Advocates No.9/4, Vedagiri Street, Arcot, Ranipet District.
Ph: 94432 03908.

**खोया पाया**

मेरे मकान नम्बर 102/12 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का अलाटमेंट लेटर कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें। महेश चन्द शर्मा-9829386911

मैं नोसर देवी पत्नि श्री मांगी लाल स्वामी निवासी गुढा सायपुरा का तहसील कार्यालय मौजमाबाद पंचायत खुडियाला ख.नं. 6825 की रजिस्ट्री के कागजात जो रास्ते में थैला फट जाने पर गुम हो गये मिले तो सूचित करें। नोसर देवी-9828579053

मैंने मेरा नाम गिर्राज प्रसाद गुर्जर से बदलकर गिरिराज गुर्जर रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। गिरिराज गुर्जर, ग्राम देवरी, तहसील लवाण, जिला दौसा-9829005982

आवास संख्या 6/428 मानसरोवर जयपुर का मूल आवंटन पत्र कब्जा पत्र और अदेय प्रमाण पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। विकास माथुर-मो.9902666995

मेरा मकान नं. सी-1/7, एकता नगर, धावास जयपुर। मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर की योजना एकता नगर का